भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल

में

कल्याणकारी योजनाएं

विशेष कल्याण निधि

यह निधि भारत–तिब्बत सीमा पुलिस में चलाई जा रही मास्टर व सब्सिडियरी कैंटीनों से अर्जित लाभांश के 30 प्रतिशत शेयर से अराजपत्रित कर्मियों व उनके परिवारों के कल्याण के लिए समर्पित है।

लाभ :

(i) चिकित्सा उपचार :–

- ✓ यह योजना सेवानिवृत्त/मेडिकल बोर्ड आउट हुए अराजपत्रित कर्मियों और सेवानिवृत/मेडिकल बोर्ड आउट हुए/दिवंगत अराजपत्रित कर्मियों के आश्रितों के लिए लागू होगी।
- ✓ यह योजना सेवारत अराजपत्रित कार्मिकों के लिए भी लागू होगी, जो सी.जी.एच.एस. का लाभ नहीं ले रहे हैं (इसमें इनके परिवार के सदस्य शामिल नहीं होंगे)।
- ✓ "चिकित्सा उपचार के लिए" सहायता केवल कैंसर, एच.आई.वी. एड्स, हृदय रोग इत्यादि जैसी जीवन को खतरा पैदा करने वाली बीमारियों के लिए देय होगी। इस योजना का लाथ केवल उन सेवानिवृत्त कर्मियों/उनके परिवारों के लिए देय होगा, जो सी.जी.एच.एस. का लाभ नहीं ले रहे हैं।
- ✓ प्रत्येक मामले के लिए अनुदान रु0 50,000/– तक सीमित रहेगा। प्रति वर्ष मामलों की संख्या उपलब्ध बजट पर निर्भर करेगी।
- ✓ अस्पताल सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त होना चाहिए और अनुरोध चिकित्सा दस्तावेजों व चिकित्सक द्वारा उसके पत्रशीर्ष पर उपचार में आने वाले खर्च की राशि के उल्लेख के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
- ✓ मामले सीधे शिकायत एवं कल्याण सेल, महानिदेशालय को भेजे जाएंगे।

(ii) पुत्री की शादी के लिए :–

- ➢ सेवानिवृत्त/मेडिकल बोर्ड आउट एवं दिवंगत अराजपत्रित कर्मियों की 02 अविवाहित पुत्रियों की शादी के लिए जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो, के लिए लागू होगी।
- ➢ प्रत्येक मामले के लिए अधिकतम राशि रू0 25000/–सीमित होगी।
- ➢ प्रार्थी का प्रार्थना पत्र उसकी अंतिम वाहिनी/फॉर्मेशन द्वारा अपने स्तर पर जांच के बाद जन्म/आयु प्रमाण पत्र, शादी की निर्धारित तिथि की घोषणा सहित कार्यालय अध्यक्ष की संस्तुति के साथ विवाह तिथि से 02 माह पूर्व महानिदेशालय को प्रेषित किया जाएगा। सीधे प्रेषित किए गए आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे। यदि मामला स्वीकार किया जाता है तो आवेदक को शादी के 03 माह के भीतर विवाह का प्रमाण पत्र प्रेषित करना होगा। विवाह प्रमाण पत्र प्राप्त होने के उपरांत ही राशि का भुगतान किया जाएगा।

(iii) प्राकृतिक आपदाओं के कारण क्षतिग्रस्त हुए मकानों के निर्माण हेतु सहायता :–

- ● यह सहायता सेवानिवृत्त एवं दिवंगत अराजपत्रित कार्मिकों के आश्रितों के लिए लागू होगी।
- ● प्रत्येक मामले के लिए अधिकतम अनुदान राशि रू0 50,000/– तक सीमित होगी।
- ● मकान आवेदक अथवा उसकी पत्नी व बच्चों के नाम एकमात्र आवासीय घर होना चाहिए, इस आशय की घोषणा का शपथ पत्र दिया जाना चाहिए।
- ● मकान के क्षतिग्रस्त होने का प्रमाण पत्र संबंधित पूर्व कर्मी द्वारा उसकी अंतिम वाहिनी/फॉर्मेशन के इंजीनियर को प्रस्तुत किया जाएगा, जो सत्यापन के लिए अतिरिक्त दस्तावेजों की मांग कर सकते हैं। इंजीनियर स्वयं की संतुष्टि के उपरान्त अपनी संस्तुति सहित प्रकरण संबंधित कार्यालयाध्यक्ष को प्रस्तुत करेगा जो पुनः मामले को अपनी संस्तुति के साथ अनुदान हेतु कल्याण शाखा, महानिदेशालय को प्रेषित करेंगे।

(iv) अत्यंत गरीबी की स्थिति में जीवन यापन कर रहे दिवंगत अराजपत्रित कर्मियों के माता–पिता के लिए सहायता :–

- ○ दिवंगत अराजपत्रित कार्मिकों के माता–पिता जिनके अन्य पुत्र/पुत्री ने अनुकम्पा आधार पर नौकरी प्राप्त नहीं की है तथा जो अत्यंत गरीबी में जीवन यापन कर रहे हैं, वे वित्तीय अनुदान के लिए बल में आवेदन कर सकते हैं।
- ○ प्रति मामले हेतु अनुदान की अधिकतम सीमा रू0 25,000/– सीमित है तथा अधिकार के रूप में इसका दावा नहीं किया जा सकता।
- ○ आवेदक दिवंगत कर्मी की अंतिम वाहिनी में आश्रितों के आय प्रमाणपत्र, अश्रितों का विवरण, उनकी शैक्षणिक योग्यता व आयु प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेगा।
- ○ वाहिनी/संस्थान कमान अधिकारी आवेदक द्वारा प्रस्तुत तथ्यों की पुष्टि विशेष संदेश वाहक के माध्यम से करवाने के बाद यदि मामले को योग्य समझता हं तो अपनी संस्तुति सहित मामला महानिदेशालय, कल्याण प्रकोष्ठ को प्रेषित करेगा।

(v) सेवारत/सेवानिवृत्त/दिवंगत अराजपत्रित कर्मियों के दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए सहायता:–

- ✓ आयु/कक्षा की अपेक्षा किए बिना यदि कोई दिव्यांग बच्चा किसी संस्थान में दाखिला ले लेता है तो वह विशेष कल्याण निधि से एकमुश्त अनुदान राशि रु0 50,000/– का पात्र होगा।
- ✓ प्रति वर्ष 10 मामलों को ही यह अनुदान देय किया जाएगा, 10 से अधिक मामले प्राप्त होने पर निदेशक चिकित्सा द्वारा प्रस्तुत विकलांगता प्रतिशत/डिग्री के आधार पर प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- ✓ अनुदान हेतु आवेदन विकलांगता का प्रमाण पत्र एवं संस्थान में प्रवेश प्रमाण पत्र सहित कर्मी की तैनाती इकाई/अंतिम इकाई को प्रेषित किया जाएगा।
- ✓ संबंधित कार्यालयाध्यक्ष मामले को कल्याण प्रकोष्ठ, महानिदेशालय को अग्रेसित करेंगे।
- ✓ आवेदन सभी समर्थित दस्तावेजों सहित प्रत्येक वर्ष 30 नवम्बर तक प्राप्त किए जाएंगे तथा अनुदान अगले वर्ष माह जनवरी में आबंटित किया जाएगा।

(vi) उच्चतर सरकारी संस्थानों में शिक्षा प्राप्त कर रहे दिवंगत अराजपत्रित कार्मिकों (जिनकी मृत्यु सेवा के दौरान हुई हो) के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति:–

जो बच्चे निम्नलिखित संस्थानों में दाखिला प्राप्त करते हैं उन्हें रू0 50,000/–की प्रारंभिक छात्रवृत्ति देय होगी।

क. सरकारी मेडिकल कॉलेज।

ख. सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज।

ग. क्लैट (CLAT) (कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट) के माध्यम से पाँच वर्षीय इंटीग्रेटेड अंडर ग्रेजुएट लॉ प्रोग्राम।

घ. चयनित बच्चों को प्रत्येक वर्ष कक्षा/कोर्स उत्तीर्ण करने पर रु0 50,000/– की छात्रवृत्ति दी जाएगी। अनुत्तीर्ण होने पर छात्रवृत्ति बंद कर दी जाएगी।

ङ. आवेदक द्वारा आवेदन दिवंगत कर्मी की अंतिम वाहिनी को संबंधित संस्थान के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र (कि बच्चा उक्त संस्थान में अध्ययनरत् है) एवं अंक तालिका की अनुप्रमाणित प्रति के साथ वाहिनी स्तर पर जाँच पड़ताल के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

च. वाहिनी द्वारा आवेदन की जांच करने के उपरांत मामला अपनी संस्तुति सहित छात्रवृत्ति (आरंभिक/आगामी) देय करने हेतु कल्याण प्रकोष्ठ, महानिदेशालय को भेजा जाएगा।

(vii) दिवंगत अराजपत्रित कार्मिकों (जिनकी मृत्यु सेवा के दौरान हुई है) के दिव्यांग बच्चों तथा भा.ति.सी.पु. के पूर्व दिव्यांग कार्मिक (अराजपत्रित अधिकारी) जिनकी विकलांगता 50 प्रतिशत से अधिक हो, के लिए गतिशीलता उपकरण हेतु अनुदान:–

क. दिवंगत अराजपत्रित कार्मिकों (जिनकी मृत्यु सेवा के दौरान हुई है) के दिव्यांग बच्चों व भा.ति.सी.पु. के पूर्व दिव्यांग कार्मिक (अराजपत्रित अधिकारी), जिनकी विकलांगता 50 प्रतिशत से अधिक हो, वे गतिशीलता उपकरण अनुदान हेतु पात्र होंगे।

ख. आवेदन दिवंगत/पूर्व कर्मी की अंतिम वाहिनी को भेजा जाएगा तथा संबंधित कार्यालय मामले की जाँच पड़ताल कर उसे कल्याण प्रकोष्ठ, महानिदेशालय को प्रेषित करेगी। प्रत्येक मामले में अनुदान उपकरण का वास्तविक मूल्य या रु0 60,000/–(अधिकतम अनुदान सीमा) जो भी कम हो, देय किया जाएगा।

(viii) सभी पदाधिकारियों के अनाथ बच्चों के लिए वित्तीय सहायता:–

पात्रता

क. आवेदक कर्मी की वैध संतान होनी चाहिए।

ख. अनाथ पुत्र की अधिकतम आयु 21 वर्ष एवं पुत्री अविवाहित होनी चाहिए।

यदि अनाथ बच्चा नाबालिग है व उसके कानूनी अभिभावक इच्छुक हैं तो उसे भा.ति.सी.पु. के उपलब्ध छात्रावास की सुविधा वाले पब्लिक स्कूल में दाखिला दिलाया जा सकता है। शिक्षा का पूरा खर्च (जिसमें फीस/वर्दी/लेखन सामग्री/रहना व खाना शामिल हैं) विशेष कल्याण निधि से वहन किया जाएगा। बच्चे की शिक्षा के खर्च की प्रतिपूर्ति संबंधित भा.ति.सी.पु. के पब्लिक स्कूल को स्कूल प्राधिकारियों द्वारा आवश्यक रसीदें जमा करने पर की जाएगी। बच्चे को स्कूल में दाखिले की अवधि से कक्षा 12वीं
उत्तीर्ण करने तक प्रत्येक माह रु 500/– जेब खर्च भी दिया जाएगा। यदि अनाथ बच्चा बालिग एवं इच्छुक है, तो उसे भा.ति.सी.पु. बल के किसी भी पब्लिक स्कूल में दाखिला दिया जा सकता है और वह 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने अथवा 21 वर्ष की आयु होने तक, जो भी पहले हो, ऊपर दिए गए सभी लाभ प्राप्त करने का हकदार होगा।

स्कूली शिक्षा पूर्ण करने पर किसी भी सरकारी संस्थान से उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने के लिए अनाथ बच्चे की ट्यूशन फीस व अनिवार्य प्रभार छात्रावास फीस सहित विशेष कल्याण निधि से वहन किए जाएंगे और जिसका भुगतान सीधे बच्चे के खाते में, उसके द्वारा संबंधित संस्थान के सक्षम प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित दाखिला प्रमाणपत्र एवं आवश्यक रसीदें प्रस्तुत करने पर कर दिया जाएगा। सरकारी शिक्षण संस्थान में एक बार दाखिला हो जाने पर मासिक जेब खर्च रुपये 1,000/– भी बच्चे के खाते में जमा कर दिया जाएगा। बच्चे की आयु 21 वर्ष हो जाने पर अनुदान बंद कर दिया जाएगा। यह सहायता सेवा से हटाए/बर्खास्त किए दिवंगत कार्मिकों के बच्चों के लिए लागू नहीं होगी।

भा.ति.सी.पु कर्मचारी शैक्षिक संस्थाः

आईटीबीपी कर्मचारी शैक्षिक संस्था में क्रमशः राजपत्रित अधिकारी का रू0 40/– प्रतिमाह, अधीनस्थ अधिकारी का रू0 30/– प्रतिमाह और अराजपत्रित अधिकारी का रू0 20 प्रतिमाह का अंशदान लिया जाता है। इसका उद्देश्य शैक्षणिक संस्थान स्थापित करना, जॉब ओरियन्टिड तकनीकी संस्थानों की की स्थापना, शिक्षा संबंधी परेशानियों का समाधान, शैक्षिक निधि की देखरेख आदि हैं। 135 अराजपत्रित व 10 राजपत्रित बल अधिकारियों के बच्चों के लिए उच्च तकनीकी/व्यावसायिक शिक्षा के लिए 2.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से 5 लाख रूपए का शिक्षा ऋण मुहैया करवाना।

महानिदेशक, भा.ति.सी.पु बल छात्रवृत्ति योजनाः–

यह योजना बल में कार्यरत उन पदाधिकारियों के बच्चों के लिए है जिन्होंने 10वीं और 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हों। ऐसे मामले सीधे शिक्षा शाखा, महानिदेशालय, भा.ति. सी.पु. में भेजे जाए।

	10वीं कक्षा		12वीं कक्षा	
75–80 प्रतिशत	लड़का	लड़की	लड़का	लड़की
	रू. 2000/–	रू. 2200/–	रू. 5000/–	रू. 6000/–
80–90 प्रतिशत	रू. 5000/–	रू. 6000/–	रू. 12000/–	रू. 13000/–
90–95 प्रतिशत	रू. 10000/–	रू. 11000/–	रू. 16000/–	रू. 17000/–
95 प्रतिशत या उससे अधिक	रू. 30000/–	रू. 35000/–	रू. 40000/–	रू. 45000/–
सर्वश्रेष्ठ प्रतिशत/अंक प्राप्त करने पर	आईटीबीपी में सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी रू. 50000/–		आईटीबीपी में सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी रू. 75000/–	

नोटः दोनों मामलों (अर्थात 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं) में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले बच्चों के लिए छात्रवृत्ति का निर्धारण निम्नलिखित मापदंडों के तहत किया जाएगाः–

क. यदि राजपत्रित अधिकारी का बच्चा (लडका/लडकी) सर्वाधिक अंक अर्जित करता है तो अराजपत्रित कर्मी के सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चे को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

ख. यदि सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाला कोई पुत्र होता है तो सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली पुत्री को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए नगद व छात्रवृत्ति निम्नानुसार देय हैः–

व्यावसायिक पाठ्यक्रम	नगद पुरस्कार/छात्रवृत्ति (रू. में)
आईआईटी/एनआईटी/सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेज/आईआईएम/आईआईएस आदि से 2 से 5 वर्षों के व्यावसायिक जॉब संबंधी स्नातक/स्नातकोत्तर प्रोग्राम/कोर्स के लिए	1,00,000/–
किसी अन्य समरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से व्यावसायिक जॉब संबंधी स्नातक/स्नातकोत्तर प्रोग्राम/कोर्स के लिए	50,000/–

सेवारत/दिवंगत, आईटीबीपी कार्मिकों के आश्रित बच्चों के लिए नगद पुरस्कार/छात्रवृत्ति निम्नानुसार देय है, जिन्होंने खेलों में उल्लेखनीय उपलब्धि/ पदक प्राप्त किए हैं:–

स्तर	जीते गए पदक का प्रकार	नगद पुरस्कार की धनराशि (रू. में)
स्कूल नेशनल	स्वर्ण	2000

	रजत	15000
	कांस्य	10000
ओपन नेशनल लेवल (यूथ/जूनियर/सब जूनियर)	स्वर्ण	40000
	रजत	30000
	कांस्य	20000
राष्ट्रीय चैम्पियनशिप (राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए) (यूथ/जूनियर/सब जूनियर)	स्वर्ण	50000
	रजत	35000
	कांस्य	25000
अंतरराष्ट्रीय स्तर पर	स्वर्ण	200000
	रजत	100000
	कांस्य	75000
एशियन गेम्स	स्वर्ण	500000
	रजत	300000
	कांस्य	200000
	भागीदारी	100000
ओलंपिक गेम्स	स्वर्ण	1000000
	रजत	600000
	कांस्य	400000
	भागीदारी	200000

प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना :-

क. 2,000 छात्रवृत्तियां (1000 लड़कों के लिए और 1000 लड़कियों के लिए)

ख. रुपये–2250/– प्रतिमाह प्रति लड़की और रुपये–2,000/– प्रतिमाह प्रति लड़के को सालाना भुगतान किया जाता है।

ग. सरकारी शासी निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों में केवल पहले व्यावसायिक पाठ्यक्रमों जैसे बी.ई., बी.टेक, बीडीएस, एम.बी.बी.एस., बी.एड., बीबीए, बीसीए, बी.फार्मा, बी.एस.सी. (नर्सिंग, कृषि आदि) हेतु।

घ. अवधि 1 से 5 साल (पाठ्यक्रम की अवधि पर निर्भर और नियामक संस्था द्वारा यथा अनुमोदित)

ङ. www.scholarship.gov.in पर पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है।

च. किसी भी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के बच्चों के लिए कोटा निर्धारित नहीं है।

श्रेणी वार वरीयता:-

श्रेणी–एः केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और असम राइफल कर्मियों के बच्चों/वीर नारियों के लिए देय जो किसी कार्रवाई में शहीद हुए हों।

श्रेणी–बीः पूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और असम राइफल के उन कार्मिक के लिए जो किसी कार्रवाई के दौरान अशक्त हुए हों।

श्रेणी–सीः केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और असम राइफल के उन दिवंगत कार्मिकों के बच्चों/वीर नारियों के लिए, जिसकी मृत्यु सरकारी ड्यूटी का निर्वहन करते हुए हुई हो। इसमें चुनाव ड्यूटी भी शामिल है।

श्रेणी–डीः पूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और असम राइफल के उन कार्मिकों के बच्चों के लिए देय है जो सरकारी ड्यूटी के कारण अशक्त हुए हों।

श्रेणी–ईः पूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और असम राइफल के गैलेन्ट्री पुरस्कार प्राप्त कार्मिकों के बच्चों के लिए।

श्रेणी–एफः पूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और असम राइफल के अराजपत्रित कर्मियों के बच्चों के लिए।

श्रेणी–जीः केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और असम राइफल के सेवारत अराजपत्रित कर्मियों के बच्चों के लिए।

सरोजिनी दामोदरन फाउंडेशन छात्रवृति

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और असम राइफल के कर्मियों के बच्चों के लिए देय है, जिन्होंने ड्यूटी के दौरान अपने प्राणों का बलिदान दिया एवं जो ड्यूटी के दौरान स्थायी रूप से अक्षम हो गए या सेवा से चिकित्सा आधार पर जिन्हें बोर्ड आउट कर दिया गया। ऐसे मामले कर्मी की अंतिम वाहिनी से शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ, महानिदेशालय, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल में प्रेषित किए जाएंगे जिनकी जांच करने के उपरांत उन्हें गृह मंत्रालय को प्रेषित किया जाएगा।

क. कक्षा पहली से कक्षा 12वीं तक के बच्चों के लिए।

ख. कक्षा पहली से कक्षा चौथी तक रुपये 500/– प्रतिमाह।

ग. कक्षा 5वीं से कक्षा 7वीं तक रुपये 750/– प्रतिमाह।

घ. कक्षा 8वीं से कक्षा 12वीं तक रुपये 1000/– प्रतिमाह।

ङ. प्रत्येक वर्ष पांच सालों के लिए 300 छात्रवृत्तियां दी जा रही हैं।

च. यह छात्रवृत्ति वर्ष 2016 में शुरू हुई थी।

पुलिस मेमोरियल फंड छात्रवृत्तिः-

क. यह आसूचना ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रारंभ की गई है।

ख. ड्यूटी के दौरान दिवंगत हुए अराजपत्रित कर्मचारियों के बच्चों को देय है।

ग. व्यावसायिक शिक्षा के लिए रुपए 15000/– वार्षिक (एमबीबीएस, बी.टेक, एमबीए, एमसीए, बी.ई. आदि)।

घ. सामान्य शैक्षणिक विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम के लिए रुपए 5000/– वार्षिक (बी.ए., बी.कॉम, एम.एस.सी., एम.सी.ए. आदि)।

ङ. व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए 05 छात्रवृत्तियां।

च. सामान्य शैक्षणिक विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम के लिए 10 छात्रवृत्तियां।

छ. मेरिट आधार पर + संस्थान के स्तर/संस्थान की प्रतिष्ठा पर आधारित।

ज. सीटों की संख्या बजट की उपलब्धता के आधार पर निर्भर है।

झ. शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ, महानिदेशालय, भा.ति.सी.पुलिस बल प्रत्येक वर्ष समस्त वाहिनियों से नामांकन प्राप्त कर योग्य नामांकनों को आसूचना ब्यूरो (आई.बी.) को प्रेषित करता है।

केन्द्र सरकार द्वारा एकमुश्त अनुग्रह मुआवजा धनराशिः–

1) मृत्यु परः–

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
सेवा के दौरान दुर्घटना में मृत्यु होने पर	25 लाख
आतंकवादियों, समाज विरोधी तत्वों आदि के द्वारा की गई हिंसा के दौरान मृत्यु पर	25 लाख
सीमावर्ती संघर्ष, आतंकवादियों, चरमपंथियों, समुद्री डाकुओं के खिलाफ कार्रवाई के दौरान मृत्यु होने पर	35 लाख
प्राकृतिक आपदाओं, अत्यधिक खराब मौसम स्थिति, उच्च तुंगता और दुर्गम सीमा चौकियों आदि पर सेवा के दौरान मृत्यु होने पर	35 लाख
युद्ध के दौरान दुश्मन की कार्रवाई या ऐसे युद्ध में होने वाली मृत्यु, जो विशेष रूप से रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित हो और विदेशों में युद्ध–ग्रस्त क्षेत्र से भारतीय नागरिकों को निकालने के दौरान मृत्यु पर	45 लाख

2) सेवा से चिकित्सा बोर्ड आउट होने परः– केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कर्मी जो विभिन्न परिस्थितियों में अपने आधिकारिक कर्त्तव्यों के निष्पादन के दौरान अक्षम हो जाते हैं और सेवा में विकलांगता के कारण अयोग्य होने पर सेवा से बोर्ड आउट हो जाते हैं, उन्हें 100 प्रतिशत अक्षमता के लिए 20 लाख रू0 की अनुग्रह राशि मुआवज़े के रूप में दी जाएगी। 100 प्रतिशत से कम अक्षमता वाले मामलों के लिए विकलांगता की डिग्री के अनुपात में अनुग्रह राशि मुआवज़े को कम किया जा सकता है, हलांकि न्यूनतम 20 प्रतिशत अक्षमता अनुग्रह राशि के मुआवज़े के लिए शर्त होगी।

राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश सरकारों द्वारा सेवा के दौरान मृत्यु/दिव्यांग होने पर के. स. पु. ब./ अ. रा. कर्मिकों के उत्तराधिकारियों के लिए अनुग्रह राशि/ अन्य लाभों का विवरण :–

नोटः– विस्तृत जानकारी कल्याण एवं पुनर्वास बोर्ड, वार्ब, कमरा न0 204–205, द्वितीय तल, एफ. विंग, निर्माण भवन, गृह मंत्रालय (भारत सरकार), नई दिल्ली–110011, दूरभाष नं0–011–23063111, ई–मेल आई.डी.–secywarb-mha@nic.in, वेबसाइट–www.warb-mha.gov.in और अंतिम तैनाती वाहिनी/कल्याण प्रकोष्ठ, महानिदेशालय, भा.ति.सी.पु. बल से प्राप्त की जा सकती है।

1) अरूणाचल प्रदेश :– के.स.पु.ब/सशस्त्र बलों के कार्मिकों के अरुणाचल प्रदेश में कर्तव्यों का निष्पादन करते हुए या राज्य सरकार के अनुरोध पर कानून और व्यवस्था ड्यूटी के दौरान आतंकवादियों/प्रतिविद्रोहिता में हुई मुठभेड़ में गम्भीर रुप से घायल होने पर अथवा उनकी मृत्यु/विकलांगता होने की दशा में उनके उत्तराधिकारियों के लिए लागू हैः–

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
मृत्यु होने पर	50 लाख
स्थाई अक्षमता होने पर	10 लाख
गंभीर चोट लगने पर	50 हजार

2) असमः– राज्य सरकार के कर्मचारियों, होम गार्ड, सेना के कर्मियों और केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों (सीपीएमएफ) के उत्तराधिकारियों के लिए लागू है जो कि राज्य में प्रतिविद्रोहिता के लिए तैनात हैं:–

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
मृत्यु होने पर	20 लाख
50 प्रतिशत या इससे अधिक अक्षमता होने पर	02 लाख
गैर–गंभीर चोट लगने पर	25 हजार

इसके अतिरिक्त, गैलेन्ट्री मेडल प्राप्त कर्मियों के लिए पाँच लाख और विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित कर्मियों के लिए तीन लाख रुपये दिए जाने का प्रावधान है।

3) आन्ध्र प्रदेशः– चरमपंथी/आतंकवादी हिंसा के दौरान घायल/मृत/स्थायी रूप से अक्षम पुलिस कर्मियों/नागरिकों/गैर–अधिकारियों (राज्य के निवासी) के उत्तराधिकारियों के लिए हैः–

लाभार्थियों की श्रेणी	चरमपंथी/आतंकवादी हिंसा में मृत्यु के मामलों में	चरमपंथी/आतंकवादी हिंसा में स्थाई अक्षमता के मामले में	चरमपंथी/आतंकवादी हिंसा में गंभीर चोट के मामले में
अन्य विभागों के पुलिस अधिकारी व अधिकारीः–			
पी.सी. और अन्य विभागों में सिविल सेवकों के उप निरीक्षक और समकक्ष पद तक के अधिकारी	25 लाख	10 लाख	03 लाख
अन्य विभागों में सिविल सेवकों के निरीक्षक और उच्च पद और समकक्ष पद के अधिकारी	30 लाख	10 लाख	03 लाख

4) बिहार :– बिहार राज्य में ड्यूटी के दौरान हुई कार्रवाई/मुठभेड़/नक्सली हमले में शहीद हुए बिहार राज्य के कर्मियों एवं अन्य राज्य के कार्मियों के के उत्तराधिकारियों के लिए लागू हैः–

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
मृत्यु होने पर	11 लाख

5) छत्तीसगढ़ :– छत्तीसगढ़ में नक्सली हिंसा के दौरान के.स.पु.ब और अन्य राज्य के शहीद कर्मियों के उत्तराधिकारियों के लिए लागू है।

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)

मृत्यु होने पर	03 लाख

6) चण्डीगढ़ :– राज्य में कार्रवाई के दौरान मृत्यु होने पर

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
यदि राज्य से संबंधित है तो	05 लाख
यदि राज्य से संबंधित नहीं है तो	02 लाख

7) दिल्ली :– यदि सेवा में शामिल होने के समय कर्मी का स्थायी पता दिल्ली का है तो किसी ओपरेशन/युद्ध के दौरान शहीद होने वाले रक्षा और केन्द्रीय अर्धसैनिक कर्मियों के लिए लागू :–

- दिल्ली सरकार के अंतर्गत काम कर रहे अर्धसैनिक बल/सैन्य कर्मियों/दिल्ली पुलिस के भरोसेमंद अधिकारियों की ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर।

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
राज्य या राज्य के बाहर सेवा के दौरान मृत्यु होने पर	रू0 01 करोड़ और दिल्ली सरकार में समूह 'ग' या 'घ' के पदों पर कर्मी के उत्तराधिकारी को नौकरी

- कुल अनुग्रह राशि रुपए 01 करोड़ होगी। 50 लाख रुपए एकमुश्त उत्तराधिकारियों को भुगतान किया जाएगा जबकि 50 लाख की राशि को सावधि जमा योजना में रखा जाएगा जो अगले 10 वर्षों के अंत में उत्तराधिकारी को दी जाएगी। इस योजना के तहत 10 वर्षों का ब्याज उत्तराधिकारी को एक स्कीम के तहत देय किया जाएगा जिसकी प्रक्रिया सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाएगा। दिल्ली सरकार में समूह–ग या घ पदों पर शैक्षिक योग्यता के आधार पर रोजगार दिया जाएगा बशर्ते संबंधित रक्षा/पुलिस संगठन द्वारा रोजगार की पेशकश नहीं की गई हो।

8) गुजरात :–

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
गुजरात राज्य में किसी भी कार्रवाई के दौरान शहीद हुए गुजरात राज्य के कर्मी या वे गैर राज्यीय कर्मी जो गुजरात राज्य में किसी कार्रवाई में शहीद होने पर	01 लाख

9) गोवा :– (राज्य के निवासी जो राज्य अथवा बाहर शहीद हुए हों):–

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
प्रत्येक मृत्यु के मामले में	10 लाख
विकलांगता पर	03 लाख
मृत्यु सरकारी/सैन्य सेवा के दौरान हुई हो	08 लाख
विकलांगता सरकारी/सैन्य सेवा के दौरान हुई हो	02 लाख
आतंकवादियों/समाज विरोधी तत्वों आदि के द्वारा की गई हिंसा में मृत्यु होने पर	08 लाख
आतंकवादियों/समाज विरोधी तत्वों आदि के द्वारा की गई हिंसा में विकलांगता होने पर	02 लाख

10) हरियाणा :– (राज्य के निवासी)

- युद्ध या उग्रवादी/आतंकवादी हमले में संचलन क्षेत्र में सेवारत शहीद हुए या आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन में विकलांग होने वाले सीएपीएफ के परिवार के सदस्यों के लिए लागू है:–

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
उग्रवादियों/आतंकवादियों आदि के खिलाफ युद्ध/कार्रवाई में शहीद हुए	50 लाख
आंतरिक सुरक्षा ड्यूटी, ओपरेशन, चुनाव ड्यूटी, प्राकृतिक आपदाओं और बचाव अभियानों आदि में शहीद हुए	50 लाख
75 प्रतिशत या इससे अधिक विकलांगता होने पर	35 लाख
50 से 74 प्रतिशत विकलांगता होने पर	25 लाख
25 से 49 प्रतिशत विकलांगता होने पर	15 लाख

- यह राशि केवल उन मामलों में देय होगी जो दिनांक 01.11.2016 को या उसके बाद घटित हुए हों और सेवा में शामिल होने के दौरान कर्मी हरियाणा का निवासी था।

11) हिमाचल प्रदेश:– (हिमाचल प्रदेश राज्य के सैनिकों/अर्धसैनिक बलों के कर्मियों के उत्तराधिकारियों के लिए लागू)।

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
लड़ाई के दौरान मृत्यु होने पर	05 लाख
ओपरेशन के दौरान अक्षम सैनिक (50 प्रतिशत विकलांगता या ऊपर)	1.5 लाख
ओपरेशन के दौरान अक्षम सैनिक (50 प्रतिशत विकलांगता से नीचे)	75 हजार
शारीरिक चोट लगने पर	35 हजार
हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अर्धसैनिक बलों के कार्मिकों की विभिन्न ऑपरेशनों/मुठभेड़ में मृत्यु होने पर, अनुग्रह राशि और उनके एक योग्य आश्रित को नौकरी देने का प्रावधान रखा गया है।	

12) झारखण्ड:– आतंकवादी/नक्सली गतिविधियों में शहीद हुए कर्मियों के उत्तराधिकारियों के लिए:–

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
यदि राज्य में कार्रवाई के दौरान शहीद हुए हैं, चाहे राज्य के निवासी हैं या नहीं	2.5 लाख

13) जम्मू एवं कश्मीर :–

क. आधिकारिक कार्यों का निर्वहन के दौरान शहीद अथवा अक्षम या दुष्परिणामों से प्रभावित होने वाले कर्मियों के लिए लागू ।

ख. अनुग्रह सहायता राशि की मंजूरी गृह विभाग द्वारा दी जाएगी।

ग. लाभार्थी को भुगतान संबंधित अर्धसैनिक बलों की स्थानीय इकाई के सेनानी के माध्यम से किया जाएगा।

घ. उन अर्धसैनिक बलों के कर्मियों के उत्तराधिकारियों के लिए भी देय जो जम्मू–कश्मीर क्षेत्राधिकार में आतंकी घटनाओं में छुट्टी के दौरान अथवा इंटर स्टेशन मुवमेंट के दौरान शहीद हुए हैं।

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
शहीद होने पर (गैर राज्यीय निवासी)	02 लाख
शहीद होने पर (राज्य के निवासी)	05 लाख
स्थाई अक्षमता के लिए	75 हजार
आंशिक अक्षमता के लिए	10 हजार

14) कर्नाटक :– कर्नाटक के सैनिकों के लिए जो युद्ध या युद्ध जैसी परिस्थितियों में शहीद हुए हों।

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
फरवरी, 2016 से माननीय मुख्यमंत्री राहत निधि से युद्ध में शहीदों की वीर नारियों के लिए	25 लाख
किसी कार्रवाई के दौरान शहीद व पूर्णतया अक्षम सैनिकों के लिए	05 लाख
घायल व लापता सैनिकों के लिए	01 लाख

क. 2 एकड़ आर्द्र या 4 एकड़ जलयुक्त या 87 एकड़ सूखी भूमि किसी कार्रवाई के दौरान शहीद हुए कर्मियों के परिवारों को दी जाएगी, यदि भूमि आबंटन के लिए उपलब्ध नहीं है, तो रुपये 10 लाख नगद अनुदान स्वीकार्य है।

ख. युद्ध दुर्घटना में मारे गए अधिकारियों/जे.सी.ओ के लिए मुफ्त निर्मित मकान या क्रमशः रुपए 6 लाख और रूपए 4.5 लाख स्वीकार्य है।

ग. साइट के बदले में

स्थान	अधिकारी/अधीनस्थ अधिकारी	अन्य रैंक
	40 गुणा 60 वर्ग आकार का मुफ्त क्षेत्रफल या बदले में	30 गुणा 40 वर्ग आकार का मुफ्त क्षेत्रफल या बदले में
बैंगलूरू में	रू0 25 लाख	रू0 20 लाख
अन्य स्थानों पर	रू0 20 लाख	रू0 15 लाख

घ. पूर्व सैनिक कोटे के तहत युद्ध में शहीद हुए आश्रितों के लिए रोजगार में आरक्षण।

ङ. युद्ध के दौरान अक्षम हुए सैनिकों की वीर नारियों की प्रत्येक पुत्री के विवाह के लिए रूपए 1,00,000/– का अनुदान।

च. युद्ध के शहीदों के लिए 15 साल में एक बार मकान मरम्मत हेतु रुपए 3,00,000/– का अनुदान।

छ. युद्ध के दौरान शहीदों के लिए हाउस टैक्स प्रतिपूर्ति।

ज. 1978 से पहले युद्ध में मारे गए सैनिकों की वीर नारियों के लिए रुपए 3000/– मासिक मानदेय।

15) केरल :– चरमपंथी/नक्सलियों या आतंकवादियों के साथ लड़ाई के दौरान शहीद/अक्षम हुए रक्षा बल/अर्धसैनिक बल के कर्मियों के लिए लागू है, जिन्हें 'मुख्यमंत्री सैनिक कल्याण निधि' के दायरे में शामिल किया गया है।

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
जम्मू कश्मीर में आतंकवाद विरोधी गतिविधियों के दौरान लड़ते हुए शहीद हुए राज्य के निवासी	10 लाख
केरल में चरमपंथी/नक्सली के साथ लड़ते हुए शहीद होने पर (राज्य या राज्य के बाहर के निवासी)	05 लाख
केरल में चरमपंथी/नक्सली के साथ लड़ते हुए गंभीर रूप से घायल होने पर (राज्य या राज्य के बाहर के निवासी)	03 लाख

➢ घायल/अक्षम मामलों में मुख्यमंत्री की सैनिक कल्याण निधि समिति चोट या अक्षमता की प्रकृति के आधार पर राशि का निर्धारण करेगी।

16) मध्य प्रदेश :– सेना/के.स.पु.ब के शहीद हुए उत्तराधिकारियों के लिए लागू है जो राज्य के निवासी हैं।

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
मृत्यु या 100 फीसदी अक्षमता होने पर	10 लाख
50 प्रतिशत अक्षमता होने पर	05 लाख
25 प्रतिशत अक्षमता होने पर	2.5 लाख
लड़की/बहन की शादी हेतु	10 हजार
अनुकम्पा के आधार पर आश्रितों को नौकरी।	

17) महाराष्ट्र :– (राज्य में या राज्य के बाहर शहीद होने पर)

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
मृत्यु के मामले में (महाराष्ट्र के निवासियों को और अन्य राज्य के निवासी जो राज्य में हुई कार्रवाई के दौरान शहीद हुए	10 लाख

हों)	
एसआरई स्कीम के अलावा सभी शहीद कार्मिकों के उत्तराधिकारियों को देय (राज्य के निवासी जो अन्य राज्यों में कार्रवाई के दौरान शहीद हुए हैं)	03 लाख

18) मेघालय :– (के.स.पु.ब/राज्य पुलिस/होम गार्ड के कर्मियों के परिवारों के लिए लागू, जिनकी मृत्यु राज्य में कानून व्यवस्था संबंधी कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान, अन्य ड्यूटी करते हुए, मुठभेड़, उग्रवादी कार्रवाई, चरमपंथी या आतंकवादी कार्रवाई इत्यादि से जुड़े मामलों या घटनाओं में हुई हो और वे राज्य के निवासी हो:–

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
राज्य में शहीद होने पर	7.5 लाख
राज्य में घायल/चोटिल होने पर	01 लाख
राज्य के बाहर किसी कार्रवाई में शहीद होने पर	01 लाख
राज्य के बाहर चोटिल/घायल होने पर	20 हजार

19) मिज़ोरम :– कार्रवाई के दौरान मारे गए कर्मियों के आश्रितों के लिए लागू (राज्य के निवासी/गैर राज्य निवासी)

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
मृत्यु के मामले में	05 लाख

20) नागालैंड :– नागालैंड के निवासी जो राज्य या राज्य के बाहर किसी कार्रवाई के दौरान शहीद हुए हैं तथा नागालैंड में किसी कार्रवाई के दौरान शहीद हुए अन्य राज्य के निवासी के लिए लागू।

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
मृत्यु के मामले में	01 लाख

21) ओडिशा :– राज्य सरकार ने ''रक्षा और अर्धसैनिक कर्मी राहत कोष, ओडिशा'' की स्थापना राज्य के रक्षा और अर्धसैनिक कर्मियों के उत्तराधिकारियों के लिए की है, जो युद्ध या आतंकवादी गतिविधियों के दौरान शहीद हुए हैं।

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
मृत्यु के मामले में	05 लाख
मासिक पेंशन रू0 2000/– प्रतिमाह दिनांक 01.06.2012 से	
एंटी नक्सल ऑपरेशन में कर्तव्य निर्वहन के दौरान मारे गए के.स.पु.ब. के कर्मिको के उत्तराधिकारियों के लिए गृहराज्य में घर बनाने हेतु जमीन का आवंटन।	

22) पंजाब :– पंजाब राज्य से संबंधित सेना/के.स.पु.ब. के शहीद कर्मियों के उत्तराधिकारियों के लिए लागू।

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
मृत्यु के मामले में	05 लाख
75 प्रतिशत से अधिक अक्षमता पर	04 लाख
51 से 75 फीसदी अक्षमता पर	02 लाख
25 से 50 प्रतिशत अक्षमता पर	01 लाख

23) राजस्थान :– (राज्य के निवासी जो किसी कार्रवाई के दौरान शहीद हुए हैं)

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
पत्नी के लिए: 5 लाख या 1 लाख के साथ 25 बीघा भूमि या 1 लाख के साथ एमआईजी हाउसिंग बोर्ड हाउस जिसकी कीमत रु 4 लाख रु से अधिक है या यदि एमआईजी हाउस की वास्तविक कीमत 4 लाख रु से अधिक हो तो कुल कीमत राशि से 4 लाख की राशि के भुगतान का प्रावधान।	
माता–पिता के लिए: लघु बचत योजना के तहत मासिक आय योजना में 1.5 लाख जमा किया जाएगा।	
रोजगार: पत्नी या बेटे या अविवाहित पुत्री को रोजगार।	
<u>शिक्षा:</u> क. राज्य सरकार के स्कूल/कॉलेज/तकनीकी/चिकित्सा और इंजीनियरिंग कॉलेज में नि:शुल्क शिक्षा। ख. स्कूल जाने वाले बच्चों को रु 1800/– छात्रवृत्ति और कॉलेज/मेडिकल/इंजीनियरिंग और तकनीकी कॉलेज के छात्रों को रु 3,600/– छात्रवृत्ति देय।	
प्रथमिकता पर बिजली कनेक्शन व सिंचाई।	
आर. एस. आर. टी. सी. बसों में पत्नी और आश्रित के लिए पास।	

24) तमिलनाडु :– (किसी कार्रवाई के दौरान शहीद हुए राज्य के निवासी और राज्य में शहीद हुए अन्य राज्य के निवासी के लिए)

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
कार्रवाई में मारे गए	20 लाख
पूर्णतया अक्षम/डबल एम्प्यूटी/पूर्ण नेत्रहीन होने पर	15 लाख

एकल एम्प्यूटी/एक आंख से नेत्रहीन होने पर	10 लाख

25) तेलंगाना :– चरमपंथी/आतंकवादी हिंसा में शहीद/स्थायी रूप से अक्षम/गंभीर रूप से चोटिल कर्मियों के लिए अनुग्रह राशि की दरें निम्नानुसार हैं:–

- राज्य में तैनाती के दौरान किसी कार्रवाई में शहीद हुए के.स.पु.ब. के कार्मिकों को इस तरह से अनुग्रह राशि दी जाएगी कि केन्द्र सरकार और संबंधित एजेंसियों और राज्य सरकार से प्राप्त कुल लाभ राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई राहत से अधिक नहीं होना चाहिए। अनुग्रह राशि के अलावा, राज्य में तैनात के.स.पु. बल के कर्मियों को सामूहिक कार्मिक दुर्घटना बीमा पॉलिसी के तहत भी शामिल किया जाएगा और कर्मियों की आकस्मिक मृत्यु के मामले में बीमा राशि रुपए 5 लाख (रैंक से इतर) भुगतान की जाएगी।

26) त्रिपुरा :– (राज्य के अंदर/बाहर किसी कार्रवाई में शहीद हुए राज्य के निवासी व अन्य राज्यों के निवासी जो राज्य में शहीद हुए हों)।

परिस्थिति	धनराशि (रू0 में)
कार्रवाई में मारे गए	02 लाख

27) उत्तर प्रदेश :– उत्तर प्रदेश पुलिस और सशस्त्र बल सहायता संस्थान द्वारा केंद्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित अभियानों में सक्रिय ड्यूटी के दौरान शहीद/स्थाई रूप से अक्षम घोषित होने पर अर्धसैनिक बलों के उत्तराधिकारियों को निम्नानुसार लाभ प्रदान किए जाने का प्रावधान दिया गया है:–

- वार्षिक शिक्षा अनुदान:– वार्षिक शिक्षा अनुदान के लिए निम्नलिखित कक्षा/पाठ्यक्रमों हेतु आवेदन उ0प्र0 सरकार को भेजने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। आवेदन दिवंगत कर्मी की अंतिम तैनाती इकाई के माध्यम से समस्त दस्तावेजों सहित इस कार्यालय को माह सितंबर तक भेजने होंगे तथा आवेदन के साथ दिवंगत/अक्षम कर्मी के पराक्रम/मृत्यु का विवरण अंकित किया जा आवश्यक है।

क्र0सं0	कक्षा/पाठ्यक्रम	दिनांक 01.01.2020 से पुनरीक्षित दर (प्रतिवर्ष)
1	9वीं से 12वीं तक	09 हजार
2	बी.ए./बी.कॉम./बी.एस.सी./बी.टी.सी./एल.टी./एल.एल.बी.	25 हजार
3	एम.ए./एम.कॉम./एम.एस.सी./एल.एल.एम./एम.एस.डब्ल्यू./एम.एड.पी.एच.डी. तथा एम. फिल.	36 हजार
4	पी.एच.डी./एल.एल.डी. तथा एम. फिल	75 हजार

- प्राविधिक/मैनेजीरियल/व्यावसायिक शिक्षा:–

क्र0सं0	पाठ्यक्रम	दिनांक 01.01.2020 से पुनरीक्षित दर (प्रतिवर्ष)
